# न्यूज़ीलैण्ड पुलिस के मूल्य

**NZ Police Values**

# Our Values

हमें रोजाना हमारे मूल्यों को जीवन में उतारने में मदद करते हैं ताकि हम न्यूज़ीलैण्ड में हर एक का भरोसा और विश्वास जीत सकें।

PRIMED

New Zealand
POLICE
Nga Pirihimana O Aotearoa


PRIMED
POLICE

# व्यावसायिकता

## भाग दिखें, भाग बनें

**परिभाषा ›** हमें पुलिस का प्रतिनिधित्व करने में और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनमें बदलाव लाने में गर्व होता है

**क्यों ›** हमारी विशेषज्ञता के साथ व्यावसायिक दिखना और ऐसा व्यवहार करना ही वह बुनियादी चीज है जो हमारे सहकर्मियों और हमारे समुदायों को सुरक्षित महसूस करने और सुरक्षित बनने में मदद करती है।

### जब मलेशियन एयरलाइन्स की उड़ान एमएच 17 यूक्रेन में 298 यात्रियों और क्रियू समेत गुम हो गई, तो न्यूज़ीलैण्ड पुलिस ने पीड़ितों की पहचान में मदद का प्रस्ताव किया ताकि वे अपने प्रियजनों के पास लौट सकें।

यह प्रस्ताव तुरंत स्वीकार कर लिया गया- आपदा पीड़ित पहचान (डीवीआई) के चुनौतीपूर्ण और उच्च विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में न्यूजीलैण्ड पुलिस स्टॉफ के कार्य की विशेषज्ञता विश्व प्रसिद्ध है।

अंटार्कटिका में 1979 में इरेबस आपदा के पश्चात डीवीआई कार्यों को, इस प्रकार के कार्य के लिए एक मानक स्थापित करने के रूप में व्यापक मान्यता मिली और तब से अनेक ऑपरेशनों में पुलिस ने अपनी प्रतिक्रियाओं में सुधार किया है। 2002 में बाली में बम धमाकों के बाद, 2004 में बॉक्सिंग दिवस सुनामी, 2010 में फॉक्स ग्लेशियर हवाई आपदा, 2011 में क्राइस्टचर्च भूकम्प, और 2012 में कार्टरटन गुब्बारा त्रासदी के पश्चात डीवीआई ऑपरेशन, कुछ अधिक जटिल मामलों में शामिल हैं।

इंस्पेक्टर माइक राइट, जिन्होंने मलेशियन एयरलाइन्स के कार्य में सहायता देने वाली पहली टीम का नेतृत्व किया का कहना है कि पुलिस ने दशकों तक सतत सुधार करते हुए अपने डीवीआई कौशल बेहतर बनाए हैं।

“बेहतर बनना सुनिश्चित करने के लिए, हमने अपने ज्ञान का आधार, कौशल, और तकनीकें विकसित करने के लिए प्रत्येक ऑपरेशन से सीखे गए सबकों का इस्तेमाल किया” माइक केहते हैं जिन्होने इस क्षेत्र में 1970 से काम किया है

मलेशियन एयरलाइन्स के ऑपरेशन में, मैंने लगातार ऐसी बातें देखीं जो क्राइस्टचर्च वाली घटना से मेल खाती थीं। मैं कह सकता था, 'मैंने इसका अनुभव किया है- मैं जानता हूं कि यहां क्या करना है' और ऑपरेशन की निगरानी करने वालों से उसे साझा किया।

हमने इस ऑपरेशन से भी सबक सीखे, और हम आगे और अधिक सुधार करने के लिए उनका इस्तेमाल करेंगे। यह बस ऐसी व्यावसायिक सेवा प्रदान करने के बारे में है जिससे मृतकों के प्रियजनों को कुछ समापन दे सके।”



# सम्मान

## दूसरों से वैसा व्यवहार करना, जैसा वे चाहते हैं।

**परिभाषा** › हम हर एक से गरिमापूर्ण व्यवहार करते हैं, उनके व्यक्तिगत अधिकारों का ध्यान रखते हैं और उनकी स्वतंत्रताओं का सम्मान करते हैं

**क्यों** › एक दूसरे के प्रति तथा समुदाय के प्रति सम्मानपूर्ण रहकर हम हमारे संगठन में भरोसा तथा विश्वास मजबूत बनाते हैं।

### क्यों एक दूसरे के प्रति तथा समुदाय के प्रति सम्मानपूर्ण रहकर हम हमारे संगठन में भरोसा तथा विश्वास मजबूत बनाते हैं।

उत्तरी द्वीप के एक स्टेशन पर स्टॉफ ने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए कि गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किए गए एक किन्नर (ट्रांसजेंडर) व्यक्ति से सम्मान का व्यवहार किया जाए। अपराधी जानती था कि वह वांछित है और उसने खुद को हाजिर करने का फैसला किया। एक चोट की वजह से उसकी असुरक्षा भावना और भी बढ़ गई थी, जिसके कारण वह अस्थायी तौर पर चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थी।

महिला ने स्थानीय विभिन्ता तालमेल अधिकारी (डाइवर्सिटी लायजन अधिकारी) से संपर्क किया और उससे गिरफ्तारी की व्यवस्था कराने तथा उसे अधिकारी के स्टेशन पर ले जाकर कार्यवाही करने को कहा, जो वह नहीं था जहां उसे सामान्यतया ले जाया जाता।

अधिकारी जानता था कि वॉच हाउस की प्रक्रिया अपराधी के लिए कठिन हो जाएगी, इसलिए उसने फोन किया और उसके आने पर किन्हीं संभावित मसलों से बचाव के लिए, दूसरे कैदियों को वहां से हटा दिए जाने का प्रबंध किया।

स्टेशन पर आने पर, सार्जेन्ट और वॉच हाउस कीपर ने पूरी तरह व्यावसायिक तथा सम्मानजनक व्यवहार किया। उन्होंने अपराधी को महिला मानते हुए सम्बोधित किया, जैसी कि वह दिखती थी, और स्पष्ट रूप से बताया कि क्या हो रहा था.

“हर कोई सचमुच अद्‌वितीय था। तालमेल अधिकारी (लायजन अधिकारी) ने बताया, उन्होंने उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जैसा व्यवहार वह चाहती थी, और सुनिश्चित किया कि उसकी गरिमा बनी रहे।”

जो व्यवहार उसके साथ किया गया था उसके हेतु धन्यवाद देने के लिए अपराधी ने बाद में पुलिस से संपर्क किया। जो सम्मान उसे प्राप्त हुआ, उसके फलस्वरूप पुलिस में उसका भरोसा और विश्वास बढ़ गया।



# ईमानदारी

## यह कार्यों में झलकती है।

**परिभाषा** › हम ईमानदार हैं और उत्कृष्ट नैतिक मानकों का पालन करते हैं।

**क्यों** › व्यक्तियों के रूप में, तथा एक संगठन के रूप में हमारी ईमानदारी, हमारे सहयोगियों का तथा उन समुदायों का विश्वास और भरोसा बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण है जिनकी हम सेवा करते हैं।

### जब पश्चिमी ऑकलैण्ड पुलिस के अधिकारियों को एक सहकर्मी के व्यवहार को लेकर चिंता हुई, तो उन्होंने सही कदम उठाया और अपने संदेहों से अपने उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया।

परिणामस्वरूप, कानून तोड़ने वाला और जनता के भरोसे और विश्वास को भंग करने वाला एक अधिकारी, कानून के कटघरे में लाया गया।

हेंडरसन में एक कांस्टेबल ने वारंट तलाशियों के दौरान जिस तरह से व्यवहार किया वारंट निबटाए जाने से पहले उसका व्यवहार और मुखबिरों से बातचीत करने के दौरान उसने जैसा व्यवहार किया, उसे देखकर स्टॉफ को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ।

लगभग उसी समय, एक कम्युनिटी कांस्टेबल एक डिटेक्टिव सार्जेन्ट के पास उन चिंताओं की रिपोर्ट करने पहुंचा जो जनता के लोगों ने कुछ अपराधियों के साथ कांस्टेबल के व्यवहार को देखकर व्यक्त की थीं।

फलस्वरूप, एक पूरी गुप्त जांच की गई और उस अधिकारी पर मेथम्फेटामाइन, चोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित कई आरोप लगाए गए।

उसने अंततः 14 आरोपों को स्वीकारा जिसके लिए उसे 8 साल 4 महीनो की सज़ा हुई

वाईतेमआटा डिस्ट्रिक्ट कमांडर सुपरिन्टेन्डेन्ट बिल सियर्ले ने कहा कि उस अधिकारी ने न केवल वाईतेमआटा पुलिस, बल्कि न्यूज़ीलैण्ड पुलिस की साख को भी धक्का पहुंचाया है। उसने यह अपराध करते हुए अपने साथियों के साथ विश्वासघात किया था, लेकिन यह याद रखना आवश्यक है कि वह उस स्टॉफ की वजह से ही पकड़ में आ सका, जिसे उसके व्यवहार के बारे में संदेह हुआ और उसने अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करने की ईमानदारी दिखाई और ऐसा करने में खुद को सुरक्षित महसूस किया



## माओरीतथा

# संधि के लिए प्रतिबद्धता

### साथ-साथ खड़े होंगे।

**परिभाषा ›** हम सद्भावपूर्वक और te tiritl o waitangi (ते तीरिट ई ओ वैटिंगी) के सिद्धांतों - साझेदारी, संरक्षण और सहभागिता, का सम्मान करते हुए कार्य करेंगे।

**क्यों ›** माओरी के साथ मिलकर कार्य करना, हमारी सफलता के लिए अनिवार्य है। साथ मिलकर ही हम ऐसा आधार और संबंध बना सकते हैं जो आपराधिक न्याय प्रणाली में माओरी के अधिक प्रतिनिधित्व को कम करने के लिए ज़रूरी है।

हैमिल्टन में पुलिस ने स्थानीय रंगताही (युवाओं) के साथ भरोसा और विश्वास कायम करने के लिए कला की शक्ति का इस्तेमाल किया, वाइकाटो ताइनुई व्हाकपापा और टिकांगा मनाया और क्षेत्र के माओरी इतिहास के बारे में स्टॉफ के लिए सीखने हेतु एक मूल्यवान साधन उपलब्ध कराया।

जब हैमिल्टन पुलिस स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा था, तब एरिया कमांडर इंस्पेक्टर ग्रेग निकोलस ने आइवी लायजन अधिकारी किमिओरा कोर्नेस से कहा कि वे भवन में स्थानीय माओरी पहचान समावेशित करने का तरीका खोजें।

उनका उत्तर स्थानीय रंगताही को उनके कार्यालय में एक ऐसा भित्तिचित्र (म्यूरल) बनाने के लिए आमंत्रित करने के रूप में था, जिसमें क्षेत्र से प्रमुख रूचिकर पहलुओं को चित्रित किया गया हो, जिनमें यहां के पर्वत, वाइकाटो नदी और ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण किंगीटांगा (माओरी राजा की सवारी) शामिल है। यह स्टेशन, किंगीटांगा कंट्री के बीच में है और वाइकाटो जिले की सीमाएं इसके चारों कोनों तक फैली हैं।

किमिओरा का कहना है कि इस परियोजना ने स्थानीय रंगताही की कलात्मक प्रतिभाओं को मान्यता देते हुए और उन्हें समाज के प्रति कुछ सकारात्मक योगदान करने के साथ उनके टिकांगा और इतिहास का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करते हुए स्थानीय पुलिस को उनसे जोड़ दिया। इससे संपर्क में आने वाले युवाओं का भरोसा और विश्वास बढ़ा, और वाइकाटो ताइनुई से व्यापक संबंध मजबूत बने।

"हमारे यहां बच्चे कहते हैं कि उन्होंने पुलिस का दूसरा ही रूप देखा है। उनमे से कुछ टैगर्स थे और जहां रंगों से चित्रकारी और पुलिस स्टेशन का आमतौर से कोई तालमेल नहीं होता, ऐसे में यह हम सबके लिए सचमुच सकारात्मक अनुभव था।

इससे स्टॉफ के उन सभी सदस्यों को बहुत कुछ सीखने में सहायता मिली जो क्षेत्र के माओरी इतिहास के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे, और यह आइवी और हापू को मान्यता देते हुए माओरी तथा संधि के लिए प्रतिबद्धता को महत्त्व दिया जाना रेखांकित करता है और युवाओं के बीच भरोसा और विश्वास बढ़ाता है।"



# समानुभूति

## दूसरों की भावनाओं का अहसास करना।

**परिभाषा** › हम उन लोगों के अनुभवों और नजरियों को समझने और उन पर विचार करने का प्रयास करते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं।

**क्यों** › जिन लोगों की हम सेवा करते और जिनके साथ काम करते हैं, उनके नजरिए से चीजों को देखने पर हम ज्यादा बेहतर परिणाम पाते हैं।

### इंस्पेक्टर सू डगलस की यह समझने की क्षमता ने, कि एक परेशानहाल व्यक्ति किन हालात से गुजर रहा था, एक संभावित आशंकापूर्ण स्थिति को शांतिपूर्वक सुलझाने में और उस व्यक्ति को ज़रूरी सहायता उपलब्ध कराने में मदद की।

पुलिस की मेन्टल हेल्थ टीम की मैनेजर सू ने एक अस्पताल का दौरा करने के समय देखा कि तीन सुरक्षा गार्ड एक परेशान रोगी को वापस भवन के अंदर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। वह आदमी साफ तौर पर मानसिक तनाव में था और हालांकि गार्ड उससे सम्मानजनक व्यवहार कर रहे थे, लेकिन जिस तरह से उन लोगों ने उसे घेर रखा था, उसके चलते उसक बेचैनी बढ़ गई थी।

सू ने, मानसिक रूप से व्यथित लोगों की सहायता में व्यावहारिक अनुभवी लोगों से मिला प्रशिक्षण उपयोग किया। पहले सुरक्षा गार्डों से बात करने के बजाय, जैसा कि वे सामान्य तौर पर करतीं, उन्होंने उस आदमी से पूछा कि वह क्या चाहता है और धैर्य से उसकी बात सुनी और उसकी व्याकुलता को समझा।


“पहला काम मैंने यह किया कि मैंने उसकी आंखों में आंखें डालकर देखा और पूछा कि क्या वह ठीक है।

मैंने हर किसी को राय दी कि वह एक-एक कदम पीछे हट जाएँ, और जब हमने उस आदमी को जगह दी, तो वह देख सकता था कि वह भी कुछ कह सकता था, तब उसने शांति महसूस की” सू ने बताया।

जब हर कोई शांत हो गया, तो वे बातचीत करने और यह जानने में कामयाब रहे कि वहआदमी क्या चाहता था।

उस आदमी की दुर्दशा के प्रति समानुभूति ने सू को व्यावहारिक रूप से अधिक प्रभावशाली बना दिया।

क्योंकि उन्होंने समय देकर उसके नजरिए से मामले को समझने के लिए सोच-विचार किया, इसलिए तनाव भरी परिस्थिति को शांत किया जा सका और उस आदमी को वह सपोर्ट मिली और उसे समझा गया, जैसे की उसे जरूरत थी ।



# मूल्य समझना विविधता का

## अनेक दृष्टिकोण, एक उद्देश्य

**परिभाषा ›** अपने कार्यों में खुद को और बेहतर बनाने के लिए हम विभिन्न दृष्टिकोणों और मिलने वाले अनुभवों का मूल्य समझते हैं।

**क्यों ›** जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उनको भलीभांति समझने और विभिन्न विचारधाराओं के महत्त्व का अहसास करने से समस्याओं को बेहतर सुलझाया जा सकेगा और बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### जब हेंडरसन डेयरी मालिक अरूण कुमार अपनी दुकान में हुई डकैती के दौरान मार दिए गए, तो समस्त ऑकलैण्ड के छोटे दुकानदारों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की।

मनुकाऊ डिस्ट्रिक्ट काउंटियों में 95 प्रतिशत डेयरी और शराब के स्टोर मालिक दक्षिण एशियाई मूल के हैं। अंग्रेजी अनेक लोगों की दूसरी भाषा है, बहुत कम लोग उन सरल कदमों के बारे में जानते थे जो वे खुद को और अपने व्यवसाय को सुरक्षित रखने के लिए उठा सकते थे, और पुलिस में भरोसा और विश्वास बहुत ही कम रह गया था।

समुदाय के एक बड़े वर्ग से जुड़ने का अवसर खोजकर और अपराधों की रोकथाम वाले महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए स्थानीय स्टॉफ ने ऑपरेशन दुकान शुरू किया। इसका नेतृत्व सार्जेन्ट गुरप्रीत अरोड़ा द्वारा किया गया और जिले के चारों क्षेत्रों से एक-एक कुल चार कांस्टेबलों के भाषाई और सांस्कृतिक कौशल इस्तेमाल किए गए।


उन्होंने एक महीने में 297 कारोबारियों से संपर्क किया, सर्वेक्षण और सुरक्षा मूल्यांकन पूरे किए, निरोधक सामग्री वितरित की और दुकानदारों को उन उपायों के बारे में जागरूक किया जो वे सुरक्षित रहने के लिए अपना सकते थे।

ऑपरेशन दुकान के फलस्वरूप, शामिल दुकानदारों में भरोसे और विश्वास की 80 प्रतिशत वृद्धि हुई।

वे अब सुरक्षित हैं- और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं-इसका श्रेय रोकथाम वाले संदेशों को और उनको मिले सहयोग को जाता है।

गुरप्रीत का कहना है, “न्यूजीलैण्ड की पुलिस के इतना प्रभावशाली होने का एक कारण यह है कि हम उन सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व करने के लिए सचमुच कठोर परिश्रम करते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं।”

“विविध प्रकार के अनुभवों, भाषाई और सांस्कृतिक कुशलताओं वाले स्टॉफ को नियुक्त करने में समर्थ होना, हमारे कार्य में विविधता का एक आदर्श उदाहरण है।”





## यदि आप हमारे कर्मचारियों से जुड़ी किन्हीं अपेक्षाओं के बारे में बात करना चाहते हैं, तो कृपया संपर्क करें:

- आपके मैनेजर या लीडर
- न्यूज़ीलैण्ड पुलिस कार्यकारिणी टीम के सदस्य
- मानव संसाधन

New Zealand POLICE
Nga Pirihimana O Aotearoa